पत्र संख्या—3025/9—आ—1—97—38 वि/97

प्रेषक,

अतुल कुमार गुप्ता,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

उपाध्यक्ष,
विकास प्राधिकरण,
कानपुर।

आवास अनुभाग—1 लखनऊ : दिनांक : 30 जून, 2000

विषय :कानपुर विकास प्राधिकरण में बहुखण्डीय भवनों के मानचित्रों की स्वीकति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कानपुर प्रोमोटर्स एण्ड बिल्डर्स एसोसियेशन ने शासन के समक्ष एक प्रत्यावेदन दिनांक 16—6—2000 को प्रस्तुत किया है, जिसमें यह शिकायत है कि कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा पिछले लगभग एक वर्ष से ग्रुप हाउसिंग एवं व्यवसायिक मानचित्र स्वीक त नहीं किये जा रहे हैं जबकि शासनादेश संख्या—1616/9—आ—1—97—38 वि/97, दिनांक 01 मई, 1997 में की गयी व्यवस्था अनुसार विकास प्राधिकरण में मानचित्र प्राप्ति के 90 दिनों में मानचित्र स्वीक त हो जाने का प्राविधान है। एसोसियेशन ने अपने प्रत्यावेदन के साथ कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जारी पत्र दिनांक 07—6—2000 की छाया प्रति भी संलग्न की है, जिसमें यह उल्लिखित है कि नयी भवन निर्माण एवं विकास उपविधि शासन स्तर पर अन्तिम निर्णय हेतु संदर्भित है, जिसके अधिसूचित होने के उपरान्त ही मानचित्र स्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि नयी भवन उपविधि को उत्तर प्रदेश असाधारण गजट के विधायी परिशिष्ट में प्रकाशित कराये जाने की कार्यवाही प्रगति में है जो अधिसूचित होने के उपरान्त ही लागू मानी जायेगी परन्तु जब तक अधिसूचना जारी नहीं हो जाती तब तक पुरानी भवन उपविधि लागू रहेगी। अतः नयी भवन उपविधि की अधिसूचना जारी होने तक मानचित्र स्वीक ति सम्बन्धी कार्यवाही पुरानी भवन उपविधि के अनुसार की जाय।

3. उपरोक्त आदेशों का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित किया जाय।

भवदीय,
अतुल कुमार गुप्ता
सचिव।

संख्या 3025(1)/9—आ—1—97—38वि/97 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. अध्यक्ष, समस्त विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।
2. आवास आयुक्त, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
3. उपाध्यक्ष, समस्त विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।
4. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उत्तर प्रदेश।
5. अपर निदेशक, नियोजन आवास बन्धु।
6. अनूप अस्थाना, कानपुर प्रोमोटर्स एण्ड बिल्डर्स एसोसियेशन, 6—अस्थाना मार्केट,113/207, स्वरूप नगर,कानपुर को उनके प्रत्यावेदन दिनांक 16—6—2000 के संदर्भ में।
7. अध्यक्ष, इस्टेट बिल्डर्स एसोसियेशन, उ0 प्र0 प्रगति केन्द्र, प्रथम तल, कपूरथला, अलीगंज, लखनऊ को उनके पत्र दिनांक 14—6—2000 के संदर्भ में।

अतुल कुमार गुप्ता
सचिव।